**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-2598**

**जिसका उत्तर 17 मार्च, 2022 को दिया जाना है।**

**ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाएं**

**2598. श्री सी. लालरोसांगा:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर-पूर्व में ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं के तहत विद्युतीकृत गांवों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजनाओं में अभी तक शामिल नहीं किए गए उत्तर-पूर्व के विभिन्न राज्यों के गांवों की कुल संख्या कितनी है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पूर्वोत्तर में ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए राज्य-वार कितनी राशि स्वीकृत की गई है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** भारत सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों सहित पूरे देश में ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यों के लिए दिसंबर, 2014 में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) प्रारंभ की थी। पूर्वोत्तर राज्यों द्वारा गर्व पोर्टल पर दी गई सूचना के अनुसार, इस स्कीम के अंतर्गत 28 अप्रैल, 2018 की स्थिति के अनुसार, सभी आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांव विद्युतीकृत कर दिए गए हैं। इसके ब्यौरे **अनुबंध-I** पर दिए गए हैं।

**(ग) :** डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत किसी भी राज्य/जिले के लिए निधियों का कोई अग्रिम आवंटन नहीं किया जाता है। पिछली किश्तों में जारी निधियों के उपयोग की सूचना और निर्धारित शर्तों को पूरा करने के आधार पर किश्तों में संस्वीकृत परियोजनाओं के लिए निधियां जारी की जाती है। डीडीयूजीजेवाई (आरई एवं अतिरिक्त अवसंरचना सहित) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान संवितरित की गई निधियों के राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरे **अनुबंध-II** पर दिए गए हैं।

*************

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 17.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2598 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**वर्ष 2014-15 से दिनांक 28.04.2018 तक डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों के आवासित जनगणना गांवों का विद्युतीकरण**

| क्र. सं. | राज्यों का नाम | विद्युतीकृत गांवों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 1,483 |
| 2 | असम | 2,732 |
| 3 | मणिपुर | 366 |
| 4 | मेघालय | 1,051 |
| 5 | मिजोरम | 54 |
| 6 | नागालैंड | 78 |
| 7 | त्रिपुरा | 26 |
| | **कुल** | **5,790** |

*************

**अनुबंध-II**

**लोक सभा में दिनांक 17.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2598 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक डीडीयूजीजेवाई (आरई एवं अतिरिक्त अवसंरचना सहित) के अंतर्गत जारी की गई राशि का राज्य-वार, वर्ष-वार ब्यौरा**

**करोड़ रुपये में**

| | राज्य का नाम | पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात वर्ष 2018-19 से 2021-22 के दौरान जारी अनुदान | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 (दिनांक 31.01.2022 तक की स्थिति के अनुसार) | कुल |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 160 | 37 | 32 | 15 | 243 |
| 2 | असम | 1082 | 661 | 416 | 201 | 2360 |
| 3 | मणिपुर | 41 | 46 | 50 | 18 | 154 |
| 4 | मेघालय | 155 | 165 | 61 | 0 | 380 |
| 5 | मिजोरम | 35 | 16 | 5 | 5 | 60 |
| 6 | नगालैंड | 55 | 24 | 11 | 0 | 90 |
| 7 | सिक्किम | 21 | 9 | 28 | 0 | 58 |
| 8 | त्रिपुरा | 112 | 47 | 48 | 51 | 258 |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र कुल | | 1660 | 1004 | 650 | 290 | 3604 |

**************